कार्यालय प्रधानाचार्य, महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कालेज, झॉसी।

संख्या /नियुक्ति/नॉन पीजी0 जे0आर0/2026/एस0सी0–1 दिनांक : 01 –04–2026

विज्ञापन

महानिदेशक के पत्र संख्या एम0ई0 /2024/2443 लखनऊ दिनांक 22 अक्टूबर 2024 के अनुपालन में रेजीडेन्सी योजना शासनादेश संख्या –4401813 सेक–14/पॉच–94 अनुभाग–14 लखनऊ 02 अगस्त 1994, के अनुसार इस कालेज के नॉन पी0जी0 जूनियर रेजीडेन्ट के पदों पर **(अस्पताल प्रशासन) हेतु नियत वेतन 63000/– प्रतिमाह पर** मेडिकल ग्रेजुएट अभ्यर्थियों से निर्धारित प्रारूप पर दिनॉक 06–04–2026 को अपराहन 5–00 बजे तक आवेदन पत्र आमन्त्रित किये जाते है।

कम संख्या	विशिष्टता	पदों की संख्या	शैक्षणिक अर्हता	वेतनमान
01	नॉन पी0जी0 जे0आर0(नियत वेतन) **हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन**	02 पद (अनारक्षित–01, अनुसूचित जाति–01)	**एम0बी0बी0एस0 /बी0डी0एस0 एवं किसी भी चिकित्सकीय संस्थान से 02 वर्षीय पूर्णकालिक पी0जी0 डिग्री – मास्टर्स इन हास्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन**	63000/– नियत वेतन

इन पदों पर आवेदन की अन्य शर्ते निम्नलिखित है।

1– इस चिकित्सा महाविद्यालय से एम0बी0बी0एस0 उर्त्तीर्ण अभ्यर्थी को वरियता दी जायेगी।

2– अभ्यर्थी की आयु साक्षात्कार की तिथि को 45 वर्ष या उससे कम होनी चाहिए।

3– महानिदेशालय/शासन से अन्य कोई अभ्यर्थी तैनात किये जाने/अन्य दिशा निर्देश प्राप्त होने की स्थिति में अभ्यर्थी की सेवाएं तत्काल समाप्त कर दी जायेंगी।

4– वर्तमान में उर्त्तीर्ण अभ्यर्थियो को वरीयता ही जायेगी। आवेदक को मेडिकल कौन्सिल ऑफ इण्डिया/उ0प्र0 स्टेट मेडिकल कौन्सिल में स्थाई पंजीकृत होना चाहिए।

5– **कालेज के समिति कक्ष में होने वाले इन्टरव्यू में अभ्यर्थियों की भर्ती साक्षात्कार के प्राप्तांकों के आधार पर किया जायेगा। जिसके लिए साक्षात्कार दिनॉक 07–04–2026 को दोपहर 12:00 बजे होगा।** अभ्यर्थी साक्षात्कार हेतु समय से उपस्थित हों । साक्षात्कार हेतु यात्रा भत्ता अनुमन्य नहीं है।

6– यह नियुक्तियॉ पूर्णतः अस्थाई है एवं दिनांक **31–03–2027** तक के लिए की जायेंगी। जिसे दिनॉक **30–06–2027** तक बढाया जा सकता है।

7– अभ्यर्थियों के कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात अपने पद से त्यागपत्र देने पर उसे एक माह का अग्रिम नोटिस अथवा एक माह का वेतन जमा करना होगा।

8– यह नियुक्तियॉ बिना कोई कारण बताये कभी भी निरस्त की जा सकती है। नियुक्तियॉ, सेवा समाप्ति या इससे संबंधित किसी अन्य प्रकार के विवादास्पद मामले में प्रधानाचार्य का निर्णय अन्तिम होगा और इस संबंध में किसी भी न्यायालय में किसी प्रकार का कोई वाद नहीं बनेगा ।

आवेदन पत्र (निर्धारित प्रारुप) पर अभ्यर्थी का नाम, जन्म तिथि, श्रेणी, स्थाई एवं पत्र व्यवहार का पता, शैक्षिक योग्यता का पूर्ण विवरण स्पष्ट रुप से अंकित होना चाहिए। आवेदन पत्र के साथ पासपोर्ट साइज का एक फोटो तथा समस्त शैक्षणिक (हाईस्कूल का प्रमाण पत्र, इन्टरमीडिएट की अंकतालिका, एम0बी0बी0एस0/बी0डी0एस0 की अंकतालिकाएं, इन्टर्नशिप प्रमाण पत्र, एम0बी0बी0एस0 /बी0डी0एस0 का रजिस्ट्रेशन, एम0बी0बी0एस0/बी0डी0एस0 की उपाधि, मास्टर्स इन हास्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन की पूर्णकालिक डिग्री) एवं अन्य प्रमाण पत्रों (वैद्य जाति प्रमाण पत्र, एन0ओ0सी0 इत्यादि लागू होने की दशा मे) एवं अन्य सम्बंधित प्रपत्रों की प्रमाणित प्रतियॉ संलग्न होना चाहिए। निर्धारित तिथि/समय के बाद प्राप्त आवेदन पत्र एवं अपूर्ण आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

प्रधानाचार्य,
मेडिकल कालेज,झॉसी ।

संख्या /नियुक्ति/ नॉन पीजी0 जे0आर0/2026/एस0सी0–1 तदिनांक ।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

1– महानिदेशक, चि0शि0 एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ। 2– समस्त विभागाध्यक्ष ।

3– नोटिस बोर्ड, छात्रानुभाग/ कालेज एवं समस्त छात्रावास । 4– मुख्य चिकित्सा अधीक्षक,मेडिकल कालेज चिकि0,झॉसी।

5– प्रधानाचार्य, मेडिकल कालेज कानपुर/मेरठ/आगरा/इलाहाबाद/गोरखपुर/ आजमगढ़, अम्बेडकरनगर, कन्नौज, जालौन, सहारनपुर,बॉदा, बदायॅू को इस अनुरोध के साथ कि इस विज्ञापन को अपने सूचना पट पर प्रसारित कराने को कष्ट करें।

6– कुलसचिव, सी0एस0एम0 (के0जी0) मेडिकल विश्वविद्यालय, लखनऊ सैफई, इटावा को इस अनुरोध के साथ कि इस विज्ञापन को अपने सूचना पट पर प्रसारित कराने को कष्ट करें। ।

7 –स्वशासी राजकीय मेडिकल कालेज, अयोध्या, शाहजहांपुर, देवरिया/एटा/फतेहपुर/गजीपुर/ हरदोई/मीरजापुर /प्रतापगढ/सिद्वार्थनगर को इस अनुरोध के साथ कि इस विज्ञापन को अपने सूचना पट पर प्रसारित कराने को कष्ट करें।

8– प्रभारी अधिकारी वेवसाइट को इस आशय से कि उपरोक्त विज्ञप्ति को कालेज की वेवसाइट पर प्रदर्शित कराना सुनिश्चित करें।

प्रधानाचार्य,
मेडिकल कालेज,झॉसी ।